कृषि तकनीकों को समझने के लिये राज्य सरकार प्रगतिशील किसानों को विदेश भेजेगी : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पर किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट पूर्व संवाद को संबोधित किया।

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार किसानों और पशुपालकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। एक वर्ष के कार्यकाल में हमने कृषकों की आय बढ़ाने के लिए दूरगामी निर्णय किए है। उनका सशक्तीकरण ही विकसित राजस्थान की मजबूत नींव तैयार करेगा। उन्होंने कहा कि किसानों एवं पशुपालकों से प्राप्त सुझावों को यथासंभव आगामी बजट 2025-26 में शामिल करने के प्रयास किए जाएंगे।

शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय पर किसानों, पशुपालकों और डेयरी संघों के प्रतिनिधियों के साथ आयोजित बजट पूर्व संवाद को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अन्नदाता अपनी अथक मेहनत से देश-प्रदेश को खाद्य सुरक्षा प्रदान कर रहे हैं। हमारा भी दायित्व है कि किसानों का सशक्तीकरण सुनिश्चित हो। उन्होंने कहा कि कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र का राज्य के जीएसडीपी में करीब 30 प्रतिशत हिस्सा है। वहीं कृषि एवं पशुपालन से प्रदेश के करीब 85 लाख परिवारों को रोजगार मिल रहा है।

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने एक वर्ष के कार्यकाल में किसानों को पानी-बिजली उपलब्ध करवाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। ईआरसीपी-पीकेसी परियोजना, यमुना जल समझौता, माही डेम परियोजना एवं देवास परियोजना के माध्यम से किसानों को पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दृष्टि से 2.24 लाख करोड़ रूपए के एमओयू हस्ताक्षिरत किए गए हैं। इससे किसानों को वर्ष 2027 में दिन के समय में भी बिजली उपलब्ध हो सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रवासी राजस्थानियों के सहयोग से राज्य सरकार 'कर्म भूमि से मातृभूमि' अभियान चलाकर प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में रेन वॉटर रिचार्ज इस्ट्रक्चर बनाएगी। इससे किसानों को पानी मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का लक्ष्य है कि किसान नवीनतम तकनीक अपनाकर खुशहाली के मार्ग पर आगे बढ़े। इसी क्रम में राज्य सरकार प्रगतिशील किसानों को विदेशों में भेजेगी ताकि वे उन्नत कृषि तकनीकों को जाने, समझे और उपयोग कर सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का अधिकतम उपयोग करते हुए कृषि क्षेत्र में चुनौतियों के समाधान के लिए एग्रीस्टेक का क्रियान्वयन कर रही है। इसके तहत 5 फरवरी से विभिन्न चरणों में प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में फार्म रजिस्ट्री कैंप आयोजित किए जाएंगे। शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से लाभार्थियों को हर साल 2 हजार रुपये अतिरिक्त देकर कुल 8 हजार रुपये की राशि दी जा रही है। इस योजना के तहत राज्य के 65 लाख से अधिक किसानों के खातों में 1 हजार 355 करोड़ रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित भी की जा चुकी है। साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत 2 हजार 822 करोड़ रुपये के बीमा क्लेम वितरित किए गए है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पाइप लाइन, डिग्गी, फार्म पौंड, ड्रिप संयंत्र आदि के लिए किसानों को अनुदान भी दे रही है। 2 लाख 37 हजार हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्रों की स्थापना के लिए भी करीब 574 करोड़ रुपये का अनुदान दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसानों को सस्ती दरों पर किराये पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराने के लिए राज्य में केवीएसएस और जीएसएस पर 330 कस्टम हायरिंग केंद्रों की स्थापना की है। किसानों को मृदा स्वास्थ्य की जानकारी उपलब्ध करवाने के लिए साढ़े आठ लाख से अधिक मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में अब तक 32 लाख से अधिक महिला कृषकों को बीज मिनिकिट का नि:शुल्क वितरण किया गया है। साथ ही, राजस्थान आज सौर ऊर्जा आधारित पंप सैट लगाने में देश के अग्रणी राज्यों में से एक है।

शर्मा ने कहा कि राजस्थान सहकारी गोपाल क्रेडिट कार्ड ऋण योजना के अंतर्गत डेयरी से संबंधित गतिविधियों तथा दुग्ध, चारा, बांटा संबंधी उपकरण खरीदने के लिए एक लाख रुपये तक ब्याज मुक्त अल्पकालीन ऋण उपलब्ध कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के डीबीटी के माध्यम से राशि लाभार्थियों को हस्तांतरित की जा रही है। उन्होंने कहा कि पंजीकृत गौशालाओं को देय अनुदान में 10 प्रतिशत की वृद्धि के आदेश जारी कर दिए गए है।

बैठक में जालौर, सवाईमाधोपुर, बीकानेर, अजमेर, चुरू, जयपुर, श्रीगंगानगर, चित्तौड़गढ़, जोधपुर, फलौदी, बालोतरा, जैसलमेर, सीकर सहित विभिन्न अंचलों के प्रगतिशील किसानों ने मुख्यमंत्री को कृषि, पशुपालन के संबंध में सुझाव प्रस्तुत किए। साथ ही कोटा, भरतपुर, पाली डेयरी संघों सहित विभिन्न संघों ने भी सुझाव दिए। इस अवसर पर पशुपालन एवं डेयरी मंत्री जोराराम कुमावत, जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत, राज्य किसान आयोग अध्यक्ष सी. आर. चौधरी, मुख्य सचिव सुधांश पंत, अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, प्रमुख सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय आलोक गुप्ता, शासन सचिव कृषि राजन विशाल सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

देवनानी स्वस्थ, एस.एम.एस अस्पताल से हुए डिस्चार्ज

चिकित्सा मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने सवाई मानसिंह अस्पताल में विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी से मुलाकात की।

- देवनानी से नेता प्रतिपक्ष, मंत्री, विधायक सहित आमजन ने की मुलाकात
- एस.एम.एस अस्पताल में की गई सभी जांचें सामान्य

जयपुर। विधान सभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी को सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्राचार्य डॉ. दीपक माहेश्वरी के निर्देशन में गठित चिकित्सकों के दल ने सभी जांचे सामान्य आने के बाद उन्हें बुधवार को सायं अस्पताल से डिस्चार्ज किया। देवनानी ने कहा कि वे स्वयं को स्वस्थ महसूस कर रहे हैं।

देवनानी से बुधवार को भी उनके हाल चाल लेने वालों का तांता लगा रहा। विधान सभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत, सहकारिता मंत्री गौतम दक, राजस्व मंत्री हेमंत मीणा, विधायक शिखा मील बराला, कल्पना देवी, विरेन्द्र सिंह सहित जयपुर और अजमेर के अनेक जनप्रतिनिधि तथा सैकडों आमजन ने देवनानी के स्वास्थ्य के हाल-चाल जाने और और उन्हें सुदीर्घ एवं स्वस्थ जीवन के लिए शुभकामनाएं दी।

देवनानी ने सवाई मानसिंह अस्पताल के चिकित्सकों, नर्सिंग स्टाफ और अस्पताल प्रशासन को उनके स्वास्थ्य जांच में किए गए सराहनीय सहयोग के लिए धन्यवाद दिया।

हम महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं : भजनलाल शर्मा

- 'राज्य सरकार अंत्योदय की अवधारणा पर काम कर रही है'
- एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि एक सशक्त और समृद्ध समाज के निर्माण में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच की अहम भूमिका है। इनका समाज पर बहुत गहरा प्रभाव होता है तथा वे राज्य सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार बजट में प्रत्येक वर्ग की जरूरतों का समावेश कर सभी के सुझावों का यथासंभव समाहित करेगी जिससे सबका साथ, सबका विकास के संकल्प को गति मिले। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों से बजट पूर्व चर्चा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि एनजीओ, सिविल सोसाइटी एवं उपभोक्ता मंच जैसे संगठन अपने क्षेत्र के विशेषज्ञ है तथा इनके अनुभव का लाभ जनता को मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंडित दीनदयाल उपाध्याय तथा भीमराव अम्बेडकर के अंत्योदय की अवधारणा पर काम कर रही है जिसके तहत अंतिम पंक्ति पर खड़े व्यक्ति को योजनाओं का लाभ मिले तथा वे समाज की मुख्यधारा से जुड़ सके।

शर्मा ने कहा कि ग्रामीण विकास राज्य की समृद्धि में एक महत्वपूर्ण कड़ी है। हमारी सरकार गांवों के विकास के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मनरेगा के 20 करोड़ मानव दिवस को बढ़ाकर 27 करोड़ मानव दिवस किया गया है। अब तक 24 करोड़ से ज्यादा मानव दिवस का रोजगार दिया जा चुका है। साथ ही, योजना के तहत लगभग सभी श्रमिकों का भुगतान 15 दिन में किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हम महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रहे हैं। राजीविका के तहत राज्य में 20 हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूहों का गठन हुआ है तथा लखपति दीदी योजना के तहत 14 लाख से ज्यादा महिलाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किए हैं। राज्य सरकार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी इन महिलाओं द्वारा तैयार उत्पादों की बिक्री में सहयोग भी दे रही है। उन्होंने कहा कि हमने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 1 लाख 55 हजार से ज्यादा आवासों को स्वीकृति दी है जिससे ग्रामीण क्षेत्रों में आवास की समस्या को दूर किया जा सके। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महा अभियान के तहत बारां जिले में सहरिया जनजाति के लिए विशेष अभियान चलाकर 17 हजार से ज्यादा आवास स्वीकृत किए गए हैं।

बैठक में एनजीओ, सिविल सोसाइटी और उपभोक्ता मंच के प्रतिनिधियों ने स्वरोजगार केन्द्र स्थापित करने, नशा मुक्ति केन्द्र खोलने, सिलिकोसिस बीमारी से रोकथाम, गांवों तक योजनाओं का प्रचार-प्रसार, बाल सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम, घुमन्तू वर्गों का संबल, बालश्रम की रोकथाम हेतु कार्यवाही, स्वयं सहायता समूह, दिव्यांगों के लिए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता, जेण्डर बजट, रिसर्च सेंटर फॉर कन्ज्यूमर केयर, प्रवासी श्रमिक बोर्ड का गठन, विमर्दितों के लिए पुनर्वास गृह सहित विभिन्न विषयों पर अपनी राय रखी।

विशेष योग्यजनों को आधारभूत सुविधाएं मुहैया कराने के लिए सरकार संकल्पबद्ध : अविनाश गहलोत

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बुधवार को राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड की बैठक ली।

जयपुर। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार विशेष योग्यजनों के कल्याण के लिए संकल्पबद्ध है। राज्य सरकार विशेष योग्यजनों के पुनर्वास और उन्हें आधारभूत सुविधाएं प्रदान करने के लिए प्रभावी कदम उठाएगी।

गहलोत ने बुधवार को अंबेडकर भवन के सभागार में राज्य दिव्यांगता सलाहकार बोर्ड की अध्यक्षता करते हुए यह बात कही। उन्होंने विशेष योग्यजनों की सुविधा के लिए चिकित्सा विभाग को पंचायत समिति, जिला स्तर पर कैंप लगाकर कम से कम समय में यूडीआईडी कार्ड बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुगम्य भारत अभियान के तहत प्रदेश भर में निर्माणाधीन राजकीय भवनों, गैर सरकारी संस्थानों, सार्वजनिक और धार्मिक स्थानों को विशेष योग्यजन के लिए सुगम्य और बाधारहित बनाने के भी निर्देश दिए।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने सीएसआर फंड के माध्यम से विशेष योग्यजनों के कल्याण के लिए जिला स्तर की औद्योगिक इकाइयों को प्रपोजल भेजने के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि योजनाबद्ध तरीके से बड़े उद्योगों के सीएसआर फंड को योग्यजनों के कल्याण के कार्यों में लगाया जाएगा। अतिरिक्त मुख्य सचिव सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता कुलदीप रांका ने बैठक में आए संबंधित विभागों के अधिकारियों को विशेष योग्यजनों के कल्याण के लिए जारी योजनाओं का व्यापक स्तर पर प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

आयुक्त एवं विशिष्ट शासन सचिव विशेष योग्यजन एच. गुईटे ने सिलिकोसिस बीमारी से संबंधित आंकड़ों का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन दिया। साथ ही न्यूमोकोनियोसिस नीति के अंतर्गत दिए जाने वाले लाभों को भी साझा किया। बैठक में सिलिकोसिस योजना की मॉनिटरिंग और पुनर्वास, स्वावलम्बन पोर्टल पर यूडीआईडी या दिव्यांगता प्रमाण पत्रों के दिव्यांगता प्रमाणीकरण के संबंध में चिकित्सा विभाग से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त सुगम्य भारत अभियान में जिलों से प्रस्ताव मंगवाने और विशेष योग्यजन विभाग के जिला कार्यालय बनाये जाने पर भी चर्चा की गई। बैठक में विशेष योग्यजनों के लिए संचालित योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विभिन्न हितधारक विभागों से समन्वय स्थापित किये जाने की भी चर्चा की गई।

इस दौरान चिकित्सा, शहरी विकास, स्कूल शिक्षा, परिवहन, महिला एवं बाल विकास, साक्षरता, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, डीओपी, पंचायतीराज, श्रम सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं प्रदेश भर की प्रमुख गैर स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।

रेरा अध्यक्ष ने किया "फॉरगॉटन स्टोरीज" का उद्घाटन

डेल्फिक ने स्कूली बच्चों को कला-शिल्प से रूबरू करवाया।

जयपुर। राजस्थान रियल एस्टेट विनियामक प्राधिकरण (रेरा) की अध्यक्ष वीनू गुप्ता ने बुधवार को डेल्फिक काउंसिल ऑफ राजस्थान और एमजीडी गर्ल्स स्कूल डेल्फिक क्लब द्वारा एमजीडी प्रांगण में आयोजित क्राफ्ट डेमोंस्ट्रेशन, फॉरगॉटन स्टोरीज का उद्घाटन किया। यह कार्यक्रम सैकड़ों स्कूली छात्राओं को राजस्थानी संस्कृति और कला से रूबरू करवाने का माध्यम बना। प्रदर्शनी में विख्यात शिल्पकारों ने छात्राओं के समक्ष अपनी कला का प्रदर्शन किया। विभिन्न शिल्पकलाओं के माध्यम से राजस्थान के बेहतरीन शिल्प-समृद्ध इतिहास को दर्शाया गया।

कार्यक्रम में राज्य पुरस्कार विजेता सुनील प्रजापति द्वारा राजस्थान की सुप्रसिद्ध मूर्तिकला का, राजेश भट्ट एवं परिवार द्वारा प्रदर्शित कठपुतली कला, राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता कलाकार रामस्वरूप जांगिड़ द्वारा तारकशी कला का प्रदर्शन किया गया। छात्राओं ने मूर्ति निर्माण कला, कठपुतली बनाने और इसे अपने हाथों की उँगलियों पर नचाने की कला के साथ साथ तारकशी कला को भी करीब से जाना। इसी प्रकार वरिष्ठ कैलीग्राफी मास्टर हरिशंकर बालोठिया की कैलीग्राफी की कला में छात्राओं की विशेष रूचि देखने को मिली। लेखन से संबंधित इस कला को अपने अध्ययन में उपयोग में लेने की रूचि छात्राओं ने जाहिर की। वीनू गुप्ता ने प्रदर्शनी का जायजा लिया। इस दौरान विद्यालय की प्रधानाचार्य अर्चना मनकोटिया भी उनके साथ रही। उन्होंने विभिन्न कलाओं के बारे में विस्तार से जानकारी लेकर कलाकारों का सम्मान भी किया। इस कार्यक्रम का आयोजन लोकधुनी फाउंडेशन के सहयोग से किया गया था। कार्यक्रम में डेल्फिक कॉउंसिल ऑफ राजस्थान के सदस्य शिप्रा शर्मा, कीर्ति शर्मा, मनीषा गुलियानी, शबाना डागर, मुदित तिवारी व नवीन त्रिपाठी भी उपस्थित रहे।

राहुल गांधी कांग्रेस के लिए कभी न भरने वाली कब्र खोद देंगे : राधामोहन अग्रवाल

- 'अग्रवाल ने दिल्ली चुनाव को लेकर कहा कि वहां तो हम बस जीते हुए ही हैं। चुनाव का रिजल्ट घोषित होना बाकी है'
- मंत्रिमंडल विस्तार पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि यह सवाल मुख्यमंत्री से पूछना चाहिए। यह उनका एकाधिकार है। हालांकि, अभी ऐसा लग भी नहीं रहा है कि मंत्रिमंडल में फेरबदल की कोई जरूरत है

जयपुर। भाजपा के प्रदेश प्रभारी राधामोहन अग्रवाल ने कांग्रेस के आरोपों पर पलटवार करते हुए कहा कि जनता अब कांग्रेस को जान चुकी है। राहुल गांधी पर कटाक्ष करते हुए अग्रवाल ने कहा कि वे अच्छे आदमी हैं। कांग्रेस के लिए इतनी कब्र खोद देंगे कि देश में कहीं भी कांग्रेस नहीं रहेगी। उन्होंने दिल्ली चुनाव को लेकर जीत का दावा किया और कहा कि वहां तो मानो भाजपा चुनाव जीत चुकी।

भाजपा में चल रहे संगठन चुनाव को लेकर प्रभारी ने कहा कि चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। 45 से 60 साल की उम्र के कार्यकर्ता, जिसका कोई आपराधिक इतिहास नहीं हो, भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं हो और पिछले दो चुनाव में पार्टी के प्रति समर्पित भूमिका रही हो, ऐसे कार्यकर्ताओं को सर्वसम्मति से जिलाध्यक्ष बनाया जा रहा है।

अग्रवाल ने कहा कि भाजपा के संगठन चुनाव पूरे देश में चल रहे हैं। राजस्थान कई राज्यों से आगे है। अग्रवाल ने कहा कि हम पूरे पारदर्शी तरीके से चुनाव कर रहे हैं। यदि कोई कार्यकर्ता असहमत होता है तो वो अपील में जाता है। भाजपा का राष्ट्रीय अपील अधिकारी मैं ही हूं। राजस्थान से अभी तक एक भी शिकायत मेरे पास नहीं आई है। भाजपा प्रदेश प्रभारी ने कांग्रेस के बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि जनता कांग्रेस को जान चुकी है। चुनाव में जनता ने कांग्रेस पार्टी को जवाब दे दिया है। वे चर्चा में बने रहने के लिए कुछ ना कुछ आरोप लगाते हैं। उससे हमारा नुकसान नहीं होता, कुछ फायदा ही होता है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस तो 2013 से पहले ही खत्म हो चुकी है। अग्रवाल ने दिल्ली चुनाव को लेकर कहा कि वहां तो हम बस जीते हुए ही हैं। चुनाव का रिजल्ट घोषित होना बाकी है। वहां आप पार्टी बेनकाब हो चुकी है। वह झूठ और भ्रष्टाचार की राजनीति करती है। विकास से उनका कोई लेना-देना नहीं है। दिल्ली में फ्री बिजली के नाम पर अधिकारी पैसे वसूलते हैं। फ्री पानी के नाम पर टैंकर ब्लैकमेल किए जा रहे हैं।

मंत्रिमंडल विस्तार पर पूछे गए सवाल के जवाब में प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास ने कहा कि यह सवाल मुख्यमंत्री से पूछना चाहिए। यह उनका एकाधिकार है। जब मंत्रिमंडल बदलाव हो या विस्तार, ये उनका अपना निर्णय होगा। हालांकि, अभी ऐसा लग भी नहीं रहा है कि मंत्रिमंडल में फेरबदल की कोई जरूरत है।

नम्बर मिलाइए
9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

NAME CHANGE

I have changed my name from jaiswal prerna vedprakash to prerna gupta r/o 81/89 pratap nagar sector-8 sanganer Jaipur.

I have changed my son name changed from yaksh to yaksh Mudit Gupta r/o 81/89 pratap nagar sector-8 sanganer Jaipur.

Bhupender Pratap Singh (JC No-331939W/ Subedar), Resident-Flat No.-506, Serene View, Road No.-12, Madhavpuri Hills, PJR, Enclave, Ameenpur, Sangareddy, Telangana-502032, In my service record my son The name entered is Shaurya Pratap, which is wrong, the correct name is Shaurya Pratap Singh. Enter correct name. Vide Affidavit No- By311468, Date 21.01.2025

Bhupender Pratap Singh (JC No-331939W/ Subedar), Resident-Flat No.-506, Serene View, Road No.-12, Madhavpuri Hills, PJR, Enclave, Ameenpur, Sangareddy, Telangana-502032, In my service record my son Name is Aryan, Date of Birth is 09.11.2001, which is registered That is wrong, correct name is Arya Pratap Singh, date of birth is 09.11.2000, correct name is enter date of birth. Vide Affidavit No- Bx477638,Date 19.11.2024

खोया पाया

मेरे मकान संख्या एम-33 इनकम टैक्स कॉलोनी टोंक रोड के मूल दस्तावेज सी पट्टा, विक्रय पत्र जो टोंक रोड इनकम टैक्स कॉलोनी से दुर्गापुरा के बीच कहीं गिर गये है। मिलने पर सूचित करें। शकुन्तला देवी- 9351602856

प्लॉट नंबर 10/269 मालवीय नगर जयपुर राजस्थान हाउसिंग बोर्ड का प्लॉट है उसका नियमितकरण का लेटर डिमांड नोट एवं ऑफिस ऑर्डर खो गए है मिलने पर सूचित करे। मनोरमा कुर्मी 8003591886, 7976794404

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
(साधारण प्रारूप)
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय सदस्य अपीलीय अधिकरण ज.वि.प्रा.जयपुर
श्रीमती ऋतु कंवर व अन्य विरूद्ध ज.वि.प्रा.व अन्य
वाद/प्रार्थना पत्र रैफरेन्स प्रा.पत्र
प्रार्थना-पत्र संख्या 316/24 सन्

नाम बाबूलाल पुत्र श्री रामकरण जाट, पता आबादी भूमि पता सुशांत सिटी-द्वितीय, कालवाड रोड, माचवा, जयपुर
उक्त प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है नकल संलग्न है।
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आपउस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 23 माह 1 सन् 2025 को 10 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज ता. 13 माह 1 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
मोहर अदालत
आज्ञा से-मुंसरिम
अपीलीय अधिकरण
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

उत्तर पश्चिम रेलवे
खुली ई निविदा सूचना

व.मं.बि.इंजी.(टीआरडी),उ.प.रे. जयपुर द्वारा, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए तथा उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाऐं आमंत्रित की जाती है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर स्वीकार नही किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नही किया जायेगा। **क्र.सं. 1. एनआईटी संख्या** : ईएल-टीआरडी-जेपी-2024-25-11 **कार्य का नाम** : प्रोविजन ऑफ बर्ड प्रिवेन्शन अरेन्जमेन्ट टू इम्प्रूव रिलायबिलिटि ऑफ ओएचई सप्लाई ओवर जयपुर डिविजन। **अनुमानित लागत**: 16,98,140.00 **बिड सिक्युरिटि राशि** : 34,000.00 **निविदा खोलने की तिथि** : 12.02.2025 **नोट : ई-निविदा की अंतिम तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे तक **ई-निविदा खोलने की तिथि एवं समय** : निविदा खोलने की तिथि को 15.00 बजे बाद **सम्पूर्ण जानकारी के लिए वेबसाइट का पता** : http://www.ireps.gov.in
89-DR/25
हमें NWRailways @NWRailways_ पर फॉलो करें

हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना
साधारण प्रारूप
व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4
न्यायालय अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश कम 10, जयपुर महानगर प्रथम, सांगानेर संजय जांगिड पुत्र बृज मोहन जांगिड विरूद्ध शीतल जांगिड पुत्री श्री गोपाल जांगिड
वाद/प्रार्थना पत्र धारा 13 A HMA
प्रार्थना पत्र संख्या 329/2024 सन्

नाम शीतल जांगिड पुत्र श्री गोपाल जांगिड जाति जांगिड पता निवासी तेजाजी का चौक मांग्यावास मानसरोवर, जयपुर
उक्त प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि .....
अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दि. 26.03.2025 माह मार्च सन् 2025 को 10:30 पूर्वान्ह में स्वयं या प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक अनुदेश किया गया हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जाएगा।
यह आज तारिख 22 माह 1 सन् 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।
जिला न्यायालय
आज्ञा से
शरिस्तेदार, अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या-10, जयपुर महानगर प्रथम, न्यायालय, सांगानेर

कार्यालय सहायक आयुक्त (प्रथम) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 23 के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 02/2024
(नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्रीमती रोशन मलवान पत्नी श्री असगर अली मलवान निवासी रमजान हत्था, वनाड रोड, जोधपुर एवं हाल निवासी गांव झाडौद वाया मोलासर, शेखावाना कुचामन राजस्थान ने पंजीकृत प्रन्यास हाजी ममदू खाँ कप्तान साहब झाडौद स्मृति जयपुर जिसका पंजीयन कमांक 96 जयपुर 2023 है के सम्बन्ध में राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 24 के अन्तर्गत प्रन्यास के पंजीयन समय प्रस्तुत आराजी खसरा संख्या 83,84,55,57,73,95 ग्राम झाडौद राजस्व रिकार्ड में जरिये नामान्तकरण नाम अमल दरामद हो चुका था और सम्वत् 2073 से 2076 की जमाबंदी में उक्त इन्द्राज हो चुका था। उक्त जानकारी के उपरांत पंजीयन कार्यवाही में इससे पूर्व की जमाबन्दी प्रदर्श-6 पेश कर अंकित सम्पत्तियों को प्रन्यास रिकार्ड में अभिलिखित प्रविष्टियों को हटाने का निवेदन कर अग्रिम जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।
अतएव धारा 24 में प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास में हुए परिवर्तन / संशोधन जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से तीस दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।
यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां प्रस्तुत नही की गई तो उक्त आवेदन-पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 23/12/24 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी गया।
आइदा तारीख पेशी 27/1/25
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (प्रथम)
देवस्थान विभाग, जयपुर

नोटिस हरखास व आम
न्यायालय अपर जिला एवम् सैशन
न्यायाधीश, क्रम सं. 1
हिण्डौन सिटी, राज.
cm. no. 2/2025

योगेन्द्र आयु 24 साल पुत्र स्व. श्री रामेश्वर निवासी ग्राम पाडला खालसा, तहसील टोडाभीम, जिला करौली, राज. --प्रार्थी
बनाम 1. हरखास आम 2. स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर शाखा दौसा, वर्तमान एस.बी.आई. बैंक शाखा दौसा, जरिये शाखा प्रबंधक --अप्रार्थीगण
प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम बाबत् जारी किये जाने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र मृतक मोहरबाई
नोटिस बनाम हरखास आम
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकगण ने इस न्यायालय में अपनी दादी मोहरबाई पत्नि काड़ूराम की मृम्त्यु के बाद मिलने वाले सभी लाभ-परिलाभ एवं बैंक खाते में जमा राशि को प्राप्त करने व उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्राप्त करने बाबत् आवेदन पेश किया है। लिहाजा जिस किसी भी व्यक्ति को कोई उज्र/आपत्ति हो तो वह माननीय न्यायालय में दिनांक 15.03.2025 को 10 ए.एम. बजे स्वयं या अपनी प्लडर के द्वारा उपस्थित होकर उज्र करें। अन्यथा एक पक्षीय कार्यवाही अमल में लायी जाकर उत्तराधिकार प्रमाण पत्र जारी कर दिया जायेगा।
अतः यह नोटिस आज दिनांक 20.1.2025 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया। (मुहर) आज्ञा से रीडर
न्यायालय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश क्र.सं.1, हिण्डौन सिटी, जिला करौली राज.